# सीएम करेंगे 1 .25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 मार्च।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 13 मार्च को ग्वालियर जिले के घाटीगाँव के समीप स्थित शबरी माता मंदिर परिसर में आयोजित होने जा रहे भव्य सम्मेलन में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना' के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों के बैंक खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। इसमें ग्वालियर जिले की 3 लाख 2 हजार 850 बहनों के खातों में पहुँचने वाली 44 करोड़ 83 लाख रुपये की राशि शामिल है। यह राशि योजना की 34वीं किश्त के रूप में बहनों को प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव इस अवसर पर ग्वालियर जिले के अंतर्गत लगभग 122 करोड़ रुपये लागत के 54 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे।

**घाटीगाँव में आज होगा लाड़ली बहना सम्मेलन, लगभग 122 करोड़ रूपये लागत के 54 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी**



### कलेक्टर एवं एसएसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आतिथ्य में होने जा रहे लाड़ली बहना सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही हैलीपेड का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक मोहन सिंह राठौर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, एडीएम सी बी प्रसाद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री सुमन गुर्जर व जयराज कुवेर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

साथ ही सरकार की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये आर्थिक सहायता भी वितरित करेंगे। लाड़ली बहना सम्मेलन में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, राज्य सरकार के मंत्रीगण श्री नारायण सिंह कुशवाह व श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर एवं जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव समेत अन्य जनप्रतिनिधिगणों को आमंत्रित किया गया है।

### इन विकास कार्यों की मिलेगी सौगात

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शबरी माता परिसर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन के माध्यम से ग्वालियर जिले के अंतर्गत लगभग 122 करोड़ लागत के 54 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें लगभग 62 करोड़ के 19 कार्यों का लोकार्पण व लगभग 60 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। जिन कार्यों का मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा लोकार्पण किया जायेगा उनमें लगभग 40 करोड़ की लागत से सांदिपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलैथ का भवन व 9.11 करोड़ की लागत से डाडा खिरक तिघरा मार्ग पर सांक नदी पर नव निर्मित उच्च स्तरीय पुल शामिल हैं। इसके अलावा उप स्वास्थ्य केंद्र बन्हेरी तथा ग्वालियर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में नव निर्मित सड़कें शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा जिन कार्यों का भूमिपूजन करेंगे उनमें आईएसबीटी के समीप 6.17 करोड़ की लागत से बनने जा रहे 100 सीटर श्रमिक विश्रामगृह एवं 12.16 करोड़ की लागत से अंबेडकर धाम के द्वितीय चरण में बाबा साहब के जीवन पर आधारित संग्रहालय का निर्माण प्रमुख है। इसके अलावा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न सड़कें, आयुर्वेदिक महाविद्यालय में एनाटॉमी विभाग के लिए बनने जा रहे हॉल, छात्रावास व भितरवार में लगभग 4 करोड़ की लागत से बनने जा रहे नवीन शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण शामिल है।

# जैविक खेती पर केन्द्रित रही कार्यशाला



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 मार्च।** जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा परंपरागत कृषि विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय द्वारा सेंटर फॉर एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप, ग्वालियर में आयोजित इस कार्यशाला में जिले में संचालित जैविक खेती कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही क्लस्टर स्तर पर कार्यरत स्टाफ के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें तकनीकी, वित्तीय एवं विपणन संबंधी विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। किसान कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रमों की कड़ी में आयोजित की गई इस कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ।

**परंपरागत कृषि विकास योजना पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित**

कार्यशाला में परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत जिले में गठित क्लस्टरों की प्रगति, कार्ययोजना तथा फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सर्विस प्रोवाइडर संस्था ने योजना के तहत उपलब्ध कराए जा रहे तकनीकी, वित्तीय एवं मार्केटिंग सहयोग की जानकारी दी, वहीं चेतना विकास स्वराज संगठन द्वारा ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया समझाई गई। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्वालियर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.एस. कुशवाह तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.सी. श्रीवास्तव ने जैविक खेती की उन्नत तकनीकों एवं जीवामृत, बीजामृत व घन जीवामृत बनाने की विधि बताई। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलसचिव डॉ. अजय कौशल तथा द्वितीय दिवस पर सहायक संचालक कृषि श्री अवधेश शर्मा ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, क्लस्टर स्टाफ सहित अन्य हितधारकों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास, ग्वालियर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 मार्च।** शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम ग्वालियर द्वारा सिटी सेंटर स्थित तरुण पुष्कर के पास स्थापित ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन का महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्री विनोद यादव (माटू), नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

**एक बार में दो गाड़ियां हो सकेंगी चार्ज**

ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन के शुभारंभ अवसर पर महापौर डॉ सिकरवार ने चार्जिंग स्टेशन के बारे में पूरी जानकारी ली। जिसमें सहायक यंत्री विद्युत श्रीमती अभिलाषा बघेल ने बताया कि केंद्र सरकार ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत नगर निगम को 1 करोड़ 52 लाख रुपए दिए थे। इस राशि से नगर निगम इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए शहर में पांच स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बना रहा है। शहर में इनमें से तीन बनकर तैयार हो चुके हैं, जिसमें तरण पुष्कर, मल्टीलेवल कार पार्किंग सालासर मॉल, कम्पू मल्टीलेवल कार पार्किंग में चार्जिंग स्टेशन बन कर तैयार हो चुके हैं। इनमें से तरण पुष्कर पर चार्जिंग स्टेशन का आज शुभारंभ किया गया है। इस चार्जिंग स्टेशन पर एक बार में 2 गाडियां चार्ज हो सकेंगी। इन स्टेशनों पर 15 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब चार्ज किया जाएगा तथा 45 मिनट में लगभग 80 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज हो सकेंगे।

# निगम ने अवैध कॉलोनियों पर की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 मार्च।** नगर निगम सीमा अंतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देशानुसार नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

अवैध कालोनियों पर कार्रवाई के अभियान अंतर्गत प्रथम चरण में चयनित 66 अवैध कॉलोनियों में से आज दिनांक 12 मार्च 2026 को ग्वालियर पूर्व विधानसभा वार्ड क्र. 59 के अन्तर्गत ग्राम केदारपुर के सर्वे क्र. 203/1, 206/1. 203/3, 204, 205, 203/2. 253/1, 277 लगभग रकवा 1.455 हेक्टेयर (कुल 04 अवैध कॉलोनी) भूमि पर दीवान सिंह पुत्र होतम सिंह, विद्या कुशवाह पत्नी दर्वेश सिंह, रामवरन सिंह पुत्र कल्याण सिंह, विष्णु प्रजापति पुत्र गोविन्दी प्रजापति, जितेन्द्र गुर्जर पुत्र रामवीर गुर्जर, रामबाबू कुशवाह पुत्र सुमेर सिंह कुशवाह आदि के द्वारा अवैध कॉलोनियों में सड़क, सीवर बाउण्ड्रीवॉल एवं विद्युत पोल आदि निर्माण किये गये थे, जिन्हें हटाने की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कॉलोनियों को खसरे के कॉलम क्र. 12 में दर्ज कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पत्र भेजा गया है तथा पुलिस कार्यवाही भी की जा रही है। कार्रवाई में सिटी प्लानर श्री महेन्द्र अग्रवाल, भवन अधिकारी श्री वीरेन्द्र शाक्य, भवन निरीक्षक श्री रविन्द्र गुर्जर, मदाखलत अधिकारी श्री सतेन्द्र भदौरिया आदि उपस्थित रहे।



# मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित

**ग्वालियर, 12 मार्च।** मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर डॉ.शोभा सतीश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई।

बाल भवन स्थित टीएलसी में आयोजित बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्री नाथूराम ठेकेदार, श्री शकील मंसूरी, श्री विनोद यादव माठू, श्रीमती गायत्री सुधीर मंडेलिया, श्रीमती मोनिका मनीश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव, श्री प्रदीप तोमर, श्री मुनीष सिंह सिकरवार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महाराज बाड़ा (विक्टोरिया मार्केट) जियो साइंस म्यूजियम की नवीन प्रस्तावित टिकट दरें पुनरीक्षित करने करने बावत् निगमायुक्त का प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत छात्र-छात्राओं के लिए 15 रूपये, व्यस्क पुरूष/महिला के लिए 35 रूपये एवं विदेशी पर्यटकों के लिए 400 रूपये कर उक्त प्रस्ताव को निगम परिषद की ओर अग्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही ठेका पेड पार्किंग महाराज बाड़ा बड़ के पेड़ के नीचे दो पहिया वाहन हेतु प्राप्त ऑफर स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत उक्त प्रस्ताव स्वीकृत किया।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply | Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits* | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. *Limited period offer, T&C apply.*Ex-showroom price of HF Dlx kick variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः अम्बाह- उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंजः असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौराः विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिण्डः शिवम् मोटर्स 9289922787.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95